हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 23 मार्च 2024



06 आदिम जाति कल्याण विभाग की आवंटित राशि कम...



07 मंडी के बजाय शहर से दूर बने गोदाम मील पर...






### 51 शक्तिपीठों से मिट्टी और जल लाएंगे, नलखेड़ा से मां पीतांबरा की ज्योत लाएंगे

## मां सीताजी के मंदिर के लिए उपलब्ध हुई भूमि, मंदिर निर्माण की शीघ्र होगी घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



रामायण रिसर्च काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीश्री 1008 परमहंस स्वामी सांदीपेंद्र महाराज ने कहा है कि मां सीताजी के प्राकट्य क्षेत्र सीतामढ़ी में मां सीताजी की भव्य प्रतिमा एवं उन्हें भवगती के रूप में स्थापित करने के लिए काउंसिल को 30 एकड़ भूमि उपलब्ध हो गई है, साथ ही 25 एकड़ भूमि को लेकर बातचीत अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि कुछ ही दिनों में यह प्रक्रिया पूरी होते ही वह स्वयं सीतामढ़ी जाकर मंदिर-निर्माण कार्य के स्थान, कार्य के चरण एवं प्रारूप की घोषणा करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव समाप्त होते ही वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस विषय पर भेंट करेंगे और सीतामढ़ी में उक्त स्थल के भूमि-पूजन के लिए प्रस्ताव भी रखेंगे।



मध्य प्रदेश में नलखेड़ा स्थित मां बगलामुखी सिद्धपीठ प्रांगण के संत व काउंसिल के अध्यक्ष ने कहा कि वह लंबे समय से सीतामढ़ी में मां सीताजी की 251 फीट ऊंची प्रतिमा तथा संबंधित क्षेत्र को तीर्थ, पर्यटन एवं शक्ति के रूप में स्थापित करने को लेकर पहल कर रहे थे। इस निमित्त भूमि की उपलब्धता एक बड़ा विषय था, जिस पर लगातार पहल के बाद काउंसिल को सफलता प्राप्त हुई है। उन्होंने ज़ोर देकर बताया कि वह शुरू से मां सीताजी को भगवती के रूप में स्थापित करना चाहते थे, इसलिए काउंसिल के अंतर्गत श्रीभगवती सीता तीर्थ क्षेत्र समिति गठित की गई जो इसका निर्माण कार्य देखेगी। उन्होंने कहा कि हम पहले से कहते आए हैं कि काउंसिल के तत्वावधान में 51 शक्तिपीठों से मिट्टी और जल लाएंगे, नलखेड़ा से मां पीताम्बरा जी का ज्योत लाएंगे और श्रीलंका, इंडोनेशिया, बाली समेत उन सभी स्थानों से मिट्टी व जल लाएंगे, जहां से भगवान श्रीराम और मां जानकी जी का नाता रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें प्रसन्नता है कि आज काउंसिल अपने उद्देश्य की ओर तेजी से अग्रसर हो रही है।

काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि वर्ष 2018 में जब उन्होंने सीतामढ़ी में काउंसिल के तत्वावधान में इस प्रयास की शुरूआत की थी, तब मां सीताजी को लेकर बस बातें ही होती थीं, आज काउंसिल की लगातार पहल के बाद कई संस्थाएं जागृत हुई हैं तो इसे सकारात्मक रूप में लिया जाना चाहिए। हाल में बिहार सरकार भी इस ओर सजग हुई है, उन्हें इसका बहुत हर्ष है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग काउंसिल से ही प्रेरित होकर मां सीताजी को भगवती के रूप में स्थापित करने की सलाह भी दे रहे हैं, जो स्वागत-योग्य है और यह काउंसिल की सतत जागरूकता का ही परिणाम है। उन्होंने कहा कि जितने मंदिर बने, हमारे सनातन के लिए उनता ही अच्छा है। इससे इतर, उन्होंने कहा कि हर तरफ से प्रयास होता रहे, लेकिन काउंसिल का जो अपना संकल्प है, उसे हर हाल में पूरा करना उनके जीवन का लक्ष्य है।

आपको बता दें कि काउंसिल की पहल पर अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर निर्माण से जुड़े आर्किटेक्ट आशीष सोमपुरा भी सीतामढ़ी विजिट कर चुके हैं और विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष आलोक कुमार भी काउंसिल के प्रकल्प को हरसंभव सहयोग की घोषणा कर चुके हैं। काउंसिल के इस विषय को वर्तमान सांसद सुनील कुमार पिंटू ने हाल में संसद में भी उठाया था। पिंटू पूर्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मिलकर इस पूरे विषय की जानकारी दे चुके हैं और इस भव्य मंदिर के निर्माण हेतु भूमि-पूजन का आग्रह कर चुके हैं। वहीं अयोध्या में रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरी जी महाराज को भी काउंसिल की ओर से कई बार इस विषय से अवगत कराया गया तथा उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया जाता रहा है।

काउंसिल के कार्यालय से जानकारी दी गई कि संस्था ने कुछ दिनों पूर्व ही सभी समितियों एवं कमेटियों को भंग कर दिया था एवं काउंसिल के मुख्य मार्गदर्शक रहे श्रीश्री 1008 परमहंस स्वामी सांदीपेंद्र महाराज को अपना नया अध्यक्ष चुना था। काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि वह शीघ्र ही सभी समितियों का नए सिरे से गठन करेंगे तथा पूरे देशभर में काउंसिल का विस्तार करेंगे।

## पीड़िता के साथ खोटा काम करने वाले को 20 साल सश्रम कारावास व जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

पीड़िता के साथ खोटा काम करने वाले अभियुक्त को अपर सत्र न्यायालय के न्यायाधीश पकज कुमार वर्मा सुसनेर ने 20 साल सश्रम कारावास व 25200 रुपए जुर्माने से दण्डित किया। मीडिया प्रभारी एवं एडीपीओ पवन सौलंकी ने बताया कि फरियादिया ने अपने पिता के साथ आकर थाना नलखेड़ा पर रिपोर्ट किया कि मेरे पिता का अभियुक्त की पत्नी से करीबन 10 साल से राखी तागा का रिश्ता है। अभियुक्त की पत्नी मेरे पिता की सगी बहन और रिश्तेदार नहीं है। अभियुक्त की पत्नी अभियुक्त के साथ मेरे घर आया जाया करती है जिसकारण अभियुक्त मुझसे फोन पर बातचीत करता रहता था। 8 अगस्त 2022 को शाम करीबन 4 बजे मैं बाजार जाने के लिए घर से निकली थी रास्ते में जानवर के अस्पताल के पास गली में मुझे अभियुक्त मिला जो सुनसान गली देखकर अभियुक्त ने मेरा उल्टा हाथ बुरी नियत से पकड़ा और बुरी नियत से मेरे साथ छेड़छाड़ करने लगा। मैं चिल्लाचोट करने लगी तो अभियुक्त ने मेरा हाथ छोड़ दिया और जाने लगा और जाते जाते मुझसे बोला कि अगर तुने यह बात किसी को भी बताई तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा फिर मैं घर आ गई। अभियुक्त के डर के कारण और लोक लज्जा के कारण मैने अपने साथ हुई छेड़छाड़ की बात किसी को नही बताई, लेकिन मैने बाद में हिम्मत करके अपने साथ हुई छेड़छाड़ एवं अभियुक्त द्वारा 2019 से लगातार बलात्कार करने की बात मेरे पिता व बुआ एवं न्यायालय में 164 सीआरपीसी के कथनों में बताई। उक्त प्रकरण में अनुसंधान पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय में धारा 354, 506, 376, 376(3), 376 (2)(एन), 376(2)(च), 376(2)(जे), 201 एवं पोक्सो अधिनियम की धारा 3/4, 5एल/6, 5एन, 7/8 में पेश किया। प्रकरण में विवेचना उनि सुनीता परिहार, निरी संतोष पाठक के द्वारा की गई। प्रकरण को राज्य शासन द्वारा जघन्य सनसनीखेज प्रकरण की सूची में शामिल किया गया। जहां से न्यायालय ने एडीपीओ पवन सौलंकी के तर्कों से सहमत होते हुए अभियुक्त को न्यायालय ने दण्ड से दण्डित किया। प्रकरण में महत्वपूर्ण सहयोग कोर्ट मोर्हरिर आरक्षक 230 आशीष सोनी, सहायक ग्रेड 03 कृष्णकांत अग्रवाल के द्वारा किया गया।

### हांडा भाजपा अजा मोर्चा देवास शाजापुर लोकसभा चुनाव प्रभारी बने

**कानड़।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद वीडी शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा की सहमति से आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए भाजपा राष्ट्रीय अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश जाटव द्वारा पदाधिकारियों को लोकसभा के प्रभारी एवं सह प्रभारी बनाए जाने की घोषणा की गई। इसी क्रम में देवास शाजापुर लोकसभा सांसदीय क्षेत्र से महेश हांडा को अजा मोर्चा देवास शाजापुर लोकसभा चुनाव प्रभारी बनाया गया। इष्ट मित्रों ने हर्ष व्यक्त कर उन्हें बधाई दी।



## पशु चारा व भूसा जिले से बाहर निर्यात व ईंधन के रूप में उपयोग करना प्रतिबंधित

**नलखेड़ा।** जिले से अन्य जिलों व राज्यों में चारा भूसा का निर्यात एवं उद्योगों के बायलरों एवं ईंट,भट्टों में ईंधन के रूप में उपयोग नहीं किया जा सकेगा। जिले के पशुधन के लिए चारा व भूसे की पूर्ति बनाये रखने हेतु कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी राघवेंद्र सिंह ने दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 144 के अतंर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। जारी आदेशानुसार किसी भी व्यक्ति या संस्थान द्वारा सुखला, घास, भूसा, कड़वी (ज्वार, मक्का के डंठल) आदि सहित समस्त पशु चारा आगर-मालवा जिले के बाहर निर्यात नही किया जाएगा। साथ ही उद्योगों, फैक्ट्रीयों के बायलरो, ईंट भट्टी आदि में पशु चारा, भूसा का ईंधन के रूप में उपयोग नहीं किया जाएगा। भूसा तथा चारे का युक्ति संगत मूल्य से अधिक मूल्य पर किसी भी व्यक्ति द्वारा क्रय-विक्रय करना एवं चारा, भूसा का कृत्रिम अभाव उत्पन्न करने के लिए अनावश्यक रूप से संग्रहण करना प्रतिबंधित रहेगा। ईंधन उपयोगी भूसे का स्टॉक के लिए लायसेंसधारी उद्योग ही स्टॉक कर सकेगा, जिसकी सुरक्षा की समस्त जवाबदारी संबंधित लायसेंसधारी की रहेगी एवं प्रतिबंधित अवधि में जिले के बाहर लेकर जाना प्रतिबंधित रहेगा। आदेश का उल्लंघन भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 188 के तहत दण्डनीय होगा।

## बालिकाओं को राधा-कृष्ण के स्वरूप में सजाकर फाग उत्सव मनाया



**नलखेड़ा।** नगर के अशोक मार्ग पर फाग उत्सव मनाया गया। जिसमें बालिकाओं को राधा कृष्ण के स्वरूप में सजाया गया था। जिनके साथ जमकर फूलों व गुलाल से होली खेली गई। अशोक मार्ग पर श्रीवास्तव परिवार द्वारा फाग उत्सव मनाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही। फाग उत्सव में फाग गीतों व भजनों पर महिलाओं द्वारा जमकर नृत्य किया गया। उत्सव के अंत मे भगवान की आरती उतार कर प्रसादी वितरण की गई।




### सांसद और भाजपा प्रत्याशी सोलंकी का नगर में हुआ स्वागत

**कानड़।** देवास शाजापुर लोकसभा सीट से सांसद और भाजपा के प्रत्याशी महेंद्र सिंह सोलंकी का देवास से आगर पार्टी की बैठक में जाते हुए कानड़ में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। नगर के दुपाड़ा जोड़ पर विधायक मधु गहलोत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पचलाना जोड़ पर दिनेश अंकल, अंकुर शिंदे, बनेसिंह, गोपाल बीजापारी द्वारा नगर परिषद अध्यक्ष के स्वनीवास पर अध्यक्ष प्रतिनिधि बाबूलाल बीजापारी के नेतृत्व में मुकेश केलकर आदि कनकेश्वर महादेव मंदिर के यहां कन्हैयालाल परमार के नेतृत्व में पुराने बस स्टैंड पर भाजपा के कैलाश नारायण परिहार द्वारा ओर महिला मोर्चा की विजय लक्ष्मी माली, कविता शर्मा सहित कई कार्यकर्ताओ ने स्वागत किया। मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह दरबार के आगर रोड स्थित स्वनिवास पर आदि स्थानों पर सांसद, प्रत्याशी महेंद्र सिंह सोलंकी का सरोफा बांधकर पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया इस दौरान नगर के पुराने बस स्टैंड पर भाजपा नेता मनीष शर्मा द्वारा अयोध्या से लाई गई श्री राम मंदिर की प्रतिकृति भेंट की।

## लोकसभा निर्वाचनः जिले में ईवीएम के प्रथम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया संपन्न

**नलखेड़ा।** लोकसभा निर्वाचन- 2024 को लेकर आगर-मालवा जिले में इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के प्रथम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया शुक्रवार को संपन्न हुई। ईवीएम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन राघवेन्द्र सिंह एवं मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुई। रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के माध्यम से ईवीएम मशीनों को विधानसभा क्षेत्र आगर, संसदीय क्षैत्र देवास-शाजापुर एवं विधानसभा सुसनेर, संसदीय क्षेत्र राजगढ़ के लिए अलॉट कर दिया गया है। ईवीएम को स्ट्रांग रूम पॉलिटेक्निक महाविद्यालय आगर में सुरक्षित रख दिया गया है। इस अवसर पर डिप्टी डीईओ मनीषा कौल, एसडीएम आगर सर्वेश यादव, डीआईओ आरजू परिहार, एडीआईओ श्रेय भावसार व राजनैतिक दलों के अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।





## राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में अध्यनरत छात्र आशुतोष सोनी ने भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय क्षेत्रीय निदेशालय, राष्ट्रीय सेवा योजना दिल्ली द्वारा दिनांक 12 से 18 मार्च तक मनोहर मेमोरियल स्नातकोत्तर महाविद्यालय फतेहाबाद (हरियाणा) में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में सहभागिता की गई। साथ ही पनवाड़ी तहसील पचोर जिला राजगढ़ में दिनांक 3 से 9 मार्च तक आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय सात दिवसीय विशेष शिविर में महाविद्यालय के छात्र यशपाल सोनगरा एवं छात्रा पिंकी पुष्पद एवं आरती मेघवाल द्वारा सहभागिता की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य जीएल रावल एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की महाविद्यालय इकाई के संयोजक डॉ जेपी कुल्मी एवं सदस्य डॉ. जितेंद्र चावरे, डॉ. सुखदेव बैरागी द्वारा विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

### तलवार से मारने वाले आरोपी को एक वर्ष के कारावास की सजा

**नलखेड़ा।** स्थानीय व्यवहार न्यायालय के न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मोहित माधव द्वारा तलवार से मारने वाले आरोपी को एक वर्ष के कारावास एवं एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। उक्त जानकारी देते हुवे एडीपीओ सुरेश कुमार नरगावे ने बताया कि फरियादी गिरधारी का भाई संतोष हैंडपंप पर पानी भरने गया था। जहां से चिल्लाचोट की आवाज आई तो वहां जाकर देखा तो गांव का ही दुला उसके छोटे भाई को गाली देते हुए तलवार से संतोष की आंख के बाई ओर मारा जिससे उसे खून निकल आया। फरियादी द्वारा नलखेड़ा थाना पर आरोपी दुला पिता राधेश्याम निवासी सेमलखेड़ी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध करवाया गया। व्यावहार न्यायालय ने आरोपी दुला को दोषी मानते हुवे एक वर्ष के कारावास व कुल एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। मामले में अभियोजन की ओर से एडीपीओ सुरेश कुमार नरगावे द्वारा पैरवी की गई।

### आचार संहिता के दौरान अनुमति लेकर ही डीजे बजाने समझाइश दी

## डीजे संचालकों की बैठक में नियमानुसार बजाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





स्थानीय पुलिस थाने पर थाना प्रभारी द्वारा डीजे संचालकों की बैठक कर उन्हें शासन के नियमानुसार डीजे बजाने के निर्देश दिए। इसी के साथ आचार संहिता के दौरान अनुमति लेकर ही डीजे बजाने की समझाइश भी दी गई। गुरुवार को पुलिस थाने पर थाना प्रभारी शशि उपाध्याय द्वारा नगर तथा ग्रामीण क्षेत्र के डीजे संचालकों की एक बैठक ली गई। बैठक में थाना प्रभारी श्रीमती उपाध्याय ने डीजे के उपयोग को लेकर शासन के जारी आदेशों का पालन करने एवं इन्हें बजाने के पूर्व एसडीएम से अनुमति लेने के निर्देश दिए। शासन के नियमो के विरुद्ध डीजे बजाने पर वैद्यानिक कार्यवाही करने की भी बात कही गई। तथा कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत ही डीजे बजाने के निर्देश दिए गए।

गौरतलब है कि शासन के निर्देशानुसार आवासीय क्षेत्र में दिन के समय 55 डेसीबल एवं रात के समय 45 डेसीबल, औद्योगिक क्षेत्र में दिन के समय 75 डेसीबल, रात के समय 70 डेसीबल, वाणिज्य क्षेत्र में दिन के समय 65 डेसीबल एवं रात के समय 55 डेसीबल तथा शांत क्षेत्र में दिन के समय 50 डेसीबल एवं रात के समय 40 डेसीबल ध्वनि सीमा निर्धारित की गई है। अधिकतम अनुमत्य ध्वनि सीमा का उल्लंघन करने पर भारतीय दंड संहिता की धारा 188, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम की धारा-15, मध्य प्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा सकती है।

**खबर संक्षेप**

## सामाजिक समरसता फाग यात्रा की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित



**देवास।** राजाराम नगर स्थित गणेश मन्दिर परिसर श्री राधा गोविंद धाम मंदिर में रंगपंचमी पर निकलने वाली फाग यात्रा की तैयारी को लेकर सामाजिक समरसता मंच के तत्वाधान में बैठक रखी गई। आयोजित हुई बैठक के पूर्व राधा गोविंद धाम मंदिर संचालक पं. सत्येंद्र शर्मा ने आशीर्वाद स्वरूप सम्मान किया गया। सामाजिक समरसता मंच द्वारा श्री शर्मा व मन्दिर समिति को आमंत्रण पत्र दिया। आयोजित हुई बैठक में फाग यात्रा की जानकारी अमरदेव ठाकुर व सतीश शर्मा ने देते हुए कहा कि इस वर्ष की फाग यात्रा काफी अनोखी एवं ऐतिहासिक होगी। यात्रा में केमिकल रहित रंग, गुलाल के अलावा झाबुआ की आदिवासी नृत्य व पंजाबी भांगडा टोली भी पुरे समय देवास की जनता का मनोरंजन करेगी। मंच के आरपी मिश्रा व अशोक गुप्ता ने मातृ शक्ति से अधिक से अधिक संख्या में आने का आमन्त्रण दिया गया। साथ ही स्थानीय राधा गोविंद धाम गोपी भजन मण्डल से फाग यात्रा के दौरान भजन प्रस्तुति का आग्रह किया। आयोजित हुई बैठक के अवसर पर करणी सेना की प्रदेश उपाध्यक्ष पुष्पलता सोनगरा, मिलिंद जाधव, ब्रज विजयवर्गीय, नीतु गुप्ता, मंदिर समिति के सभी सम्मानीय सदस्य गण मातृशक्ति उपस्थित थे।

### बागली के बेहरी फाटे पर वर्षों बाद भी अधूरा पड़ा सामुदायिक भवन का निर्माण

# आदिम जाति कल्याण विभाग की आवंटित राशि कम पड़ने के बाद अधर में पड़ा निर्माण





लगभग 25 लाख रुपए सरकार द्वारा भवन निर्माण के लिए स्वीकृत किए गए थे, जिस राशि में निर्माण कार्य होना था,लेकिन निर्माण कार्य के दौरान राशि कम पड़ गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

आम जनता की सुविधा के लिए सरकार द्वारा सामुदायिक भवन निर्माण के लिए आदिम जाति कल्याण विभाग के व्दारा 25 लाख की राशि दी गई थी। हालांकि उक्त राशि में भवन का निर्माण भी हुआ, लेकिन राशि कम पड़ जाने के कारण, उक्त भवन आज भी अधूरा है। जो भवन बना था, वह भी खंडर में तब्दील हो चुका है।

तत्कालीन नगर परिषद अध्यक्ष श्यामा तोमर के कार्यकाल में उनकी मांग पर तत्कालीन मंत्री विजय शाह द्वारा बागली के बैहरी फाटे पर सामुदायिक भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की गई थी। उक्त राशि से विद्युत मंडल के समीप सामुदायिक भवन का निर्माण पीडब्ल्यूडी विभाग व्दारा 2007 में किया गया, लेकिन निर्माण के दौरान राशि कम पड़ गई। जिसके कारण कार्य अधूरा रह गया। तब से ही उक्त भवन का अधूरा कार्य अटका हुआ है, जिसके बाद वर्षों बीतने के बाद आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि ने इस और ध्यान नहीं दिया। ना हीं इस भवन का निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिए राशि स्वीकृत कर पाए।

जानकारी अनुसार पीडब्ल्यूडी विभाग के माध्यम से इसका निर्माण कार्य किया गया था। उस दौरान लगभग 25 लाख रुपए सरकार द्वारा भवन निर्माण के लिए स्वीकृत किए गए थे, जिस राशि में निर्माण कार्य किया गया। लेकिन निर्माण कार्य के दौरान राशि कम पड़ गई जिसके चलते काम बंद कर दिया गया था। पूर्व नप अध्यक्ष श्यामा तोमर ने बताया कि उनके द्वारा उनके कार्यकाल के दौरान तत्कालीन मंत्री विजय शाह से उन्होंने बागली के लिए मांग की थी। उस दौरान मंत्री शाह द्वारा उक्त भवन के लिए राशि स्वीकृत की गई थी। श्याम तोमर ने बताया कि बागली विधानसभा में लगातार भाजपा के विधायक बने हैं, भाजपा का एक तरफ राज होने के बावजूद एवं राज्य में 20 साल से भाजपा की सरकार है। इसके बावजूद भी अधूरा कार्य आज तक पूरा नहीं हो पाया है।

यदि कार्य समय रहते पूरा होता तो, आज इसका लाभ इस क्षेत्र के गरीब वर्ग के लोगों को मिलता। सामुदायिक भवन निर्माण इसलिए कराया जाता है कि गरीब वर्ग के लोग जो महंगे गार्डन ,होटल नहीं ले पाते हैं, वह परिवार इन सामुदायिक भवन में अपने परिवार में होने वाले कार्यक्रम आसानी से कर सके हैं। लेकिन किसी भी जिम्मेदार को इसकी कोई परवाह नहीं है।

**अधुरा पड़ा है भवन**

आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, यह भवन स्वीकृत कराया गया था। लेकिन आज भी भवन अधूरा पड़ा हुआ है, क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों को ध्यान देना चाहिए। राशि स्वीकृत करा कर, भवन का अधूरा कार्य पूर्ण हो सके। आम जनता को इसका लाभ मिल सके।

**श्यामा तोमर,** पुर्व नप अध्यक्ष बागली

**राशि कम पड़ने से रूका काम**

निर्माण के दौरान राशि कम पड़ जाने के कारण ,काम रुक गया था। अधूरे कार्य को पूरा करने के लिए, तीन बार रिवाइज एस्टीमेट बनाकर तीन बार भेज चूके हैं। लेकिन राशि अभी तक नहीं मिली है, राशि मिलते ही अधूरा कार्य पूर्ण कर दिया जाएगा।

**के एस तंवर एसडीओ,** पीडब्ल्यूडी विभाग बागली

# भारी पुलिस बल के बाद भी नहीं हो सका सीमांकन

**भूमि सीमांकन में बनी विवाद की स्थिति**



**देवास।** विवाद बड़ने के बाद प्रशासन की टीम लौटी वापस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर में भोपाल रोड़ स्थित पारिवारिक जमीन सीमांकन को लेकर प्रशासन की टीम भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची थी। लेकिन वहां पर विवाद की स्थिति बनने के चलते प्रशासन को वापस लौटना पड़ा।

बताया जा रहा है कि 16 बीघा जमीन है। जिसको लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हुई। पहले भी इस भूमि पर विवाद की स्थिति निर्मित हो चुकी है। तहसीलदार सपना शर्मा ने बताया कि यहां पर वर्तमान भूमि स्वामी बाबूलाल वर्मा अपनी जमीन का सीमांकन करवाना चाहते हैं जिसको लेकर हम यहां पर पहुंचे थे। वहीं उनके ही परिवार का जो दूसरा पक्ष है उनके द्वारा यहां पर अपना हक बताने को लेकर विवाद की स्थिति बनी। जबकि जिला न्यायालय सिविल न्यायालय और अन्य जगह से बाबूलाल वर्मा ने यह केस जीता है। जिसको लेकर हम सीमांकन के लिए पहुंचे थे।

लेकिन यहां पर विवाद की स्थिति बनने के चलते सीमांकन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में यहां पर दंडात्मक कार्रवाई के साथ सीमांकन किया जाएगा। वहीं दूसरे पक्ष का कहना है कि हमारा यहां पर शुरू से कब्जा है यह हमारी पैतृक संपत्ति है।

## चित्तोड़ा महाजन समाज महिला मंडल ने फाग उत्सव मनाते हुए गठित की नई कार्यकारिणी



**देवास।** चित्तोड़ा महाजन समाज की महिला मण्डली ने फाग उत्सव मनाते हुए संगठन की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया। कालानी बाग स्थित सुनीता गुप्ता के निवास पर समाज की महिला मंडल द्वारा फाग उत्सव का आयोजन किया गया। विभिन्न प्रकार के रंगो व फूलों से होली खेलते हुए भजनों पर जमकर नृत्य किया। साथ ही फाग के गीत व होली पूजन का महत्व भी वरिष्ठ महिलाओं ने बताया। प्रतिवर्ष नई कार्यकारिणी बनाने की परम्परा को कायम रखते हुए होली के पूर्व फाग उत्सव के दौरान नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें चित्तोड़ा महाजन समाज महिला मण्डल अध्यक्ष कृष्णा गुप्ता, उपाध्यक्ष अनिता गुप्ता, सचिव मीना बजाज, मीडिया प्रभारी ममता गुप्ता, सहसचिव बबीता बजाज, कोषाध्यक्ष मधु महाजन व नीलिमा महाजन सहित सदस्य में चन्चल मेहता, सुनीता गुप्ता, नैन बाला गुप्ता, ऋतु गुप्ता, रंजना मेहता, माधुरी गुप्ता आदि को नियुक्त किया गया। फाग उत्सव के समापन पर सुनीता गिरधर गुप्ता द्वारा मण्डल की महिलाओं को फलाहार एवं मिठाई का वितरण किया।

# क्षिप्रा शुद्धिकरण के लिए गठित दल ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर में क्षिप्रा शुद्धिकरण के लिए गठित जिला स्तरीय समिति के सदस्यों ने अनुविभागीय अधिकारी देवास बिहारीसिंह के नेतृत्व में औद्योगिक क्षेत्र क्रमांक–01 में निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि अरिहंत इंजीनियरिंग द्वारा सीवरेज का प्रदूषित जल बहाया जा रहा था। समिति द्वारा पंचनामा बनाकर कार्यवाही की गई एवं अन्य इकाईयो का निरीक्षण कर खुदाई की गई। जिसमें अन्य इकाईयो की ईटीपी एवं एसटीपी की जाँच की भी गई। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र देवास ने बताया कि इस प्रकार की कार्यवाही भविष्य में जारी रहेगी।

## आज सादगी से मनाई जाएगी अमर शहीद हेमू कालानी की जयंती

**देवास।** युवा क्रांतिकारी हेमू कालानी की जयंती शनिवार को पूज्य सिंध हिंदू पंचायत द्वारा एमआर 8 उज्जैन रोड स्थित प्रतिमा स्थल पर मनाई जाएगी। इस अवसर पर प्रातः 11 बजे शहीद हेमू कालानी को माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए जाएंगे। देश की आजादी में अपने प्राण की आहुति देकर हंसते-हंसते फांसी पर झूलने वाले ऐसे वीर शहीद हेमू कालानी की 101वीं जयंती है। यह भी अजब संयोग है कि इसी दिन देश के तीन महान क्रांतिकारी शहीद भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव का भी शहीदी दिवस है। उक्त जानकारी खूबचंद मनवानी ने दी। कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर सफल बनाने की अपील पूज्य सिंध हिंदू पंचायत अध्यक्ष अनिल पंजवानी, सचिव अशोक पेशवानी सहित पदाधिकारियों एवं युवा संगठन अध्यक्ष मुकेश रजवानी ने की है।

# किसानों की परेशानी: खरीदी केंद्रों पर सर्वेयर न होने के कारण गेहूं खरीदी हो रही प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी 20 मार्च से प्रारंभ की गई है, लेकिन ख़रीदी केंद्रों पर तीन दिन बाद भी सुचारू रूप से गेहूं खरीदी प्रारंभ नहीं हो पाई है।प्राप्त जानकारी अनुसार 20 मार्च को गेहूं खरीदी प्रारंभ कर दी गई है, लेकिन सरकार के नए-नए नियमों के कारण केन्द्रो पर अव्यवस्था देखने को मिल रही है। शुक्रवार के दिन समर्थन मूल्य गेहूं खरीदी केन्द्रों पर प्रशासन की ओर से गेहूं की गुणवत्ता निरीक्षण के लिए गुणवंता नियंत्रण कर्मचारी की नियुक्त नहीं किए जाने के कारण गेहूं खरीदी प्रभावित होती दिखाई दी। बुधवार के दिन सेवा सहकारी संस्था चापड़ा मारुति वेयर हाउस पर संस्था प्रबंधक राजेश सिंह राजपूत, पटवारी देवप्रसाद मुकाती, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एस.एस महाजन कि उपस्थित में गेहूं तुलाई प्रारंभ की गई, लेकिन गेहूं की गुणवत्ता निरीक्षण करने के लिए कर्मचारी नियुक्त नहीं किए जाने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ा। बताया जा रहा है, कि प्रशासन की ओर से खरीदी केन्द्रों पर सर्वेयर नियुक्त किया जाता है,जो गेहूं तुलवाई के दौरान गेहूं की क्वालिटी चेक कर पास करते हैं, जिसके बाद तुलाई होती है, लेकिन इस बार उसकी नियुक्ति नहीं की गई है, जिंसके कारण गेहूं तुलाई प्रभावित हो रही है। सेवा सहकारी संस्था चापडा पर शुक्रवार को लगभग 200 क्विंटल गेहूं की खरीदी हुई है।

# कन्या महाविद्यालय में मिलेट्स द मिरेकल ग्रेंस विषय पर व्याख्यान का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



महारानी पुष्पमाला राजे पवार शासकीय कन्या महाविद्यालय देवास में गृह विज्ञान विभाग के पोषण शिक्षा एवं उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एवं वैलनेस अभियान के अंतर्गत मिलेट्स द मिरेकल ग्रेंस विषय पर प्राचार्य डॉ. भारत सिंह गोयल के अभिप्रेरण एवम संरक्षण में व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में गृह विज्ञान विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉ.अनीता भाना ने छात्राओं को मिलेट्स अर्थात मोटे अनाज के गुणों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि मोटे अनाज के उत्पादन में कीटनाशकों के प्रयोग नगण्य होता है अतः यह स्वास्थ्यकर होते हैं । रागी, बाजरा ,ज्वार ,मोरधन राजगीरा,कोदो ,कुटकी आदि में रेशेदार पदार्थ के साथ ही साथ कैल्शियम, आयरन ,जिंक जैसे महत्वपूर्ण खनिज लवण भी प्रचुर मात्रा में होते हैं। अतः वजन नियंत्रण एवं डायबिटीज जैसी स्थितियों में यह अत्यंत उपयोगी होते हैं इनका प्रयोग दैनिक जीवन में किया जाना अति आवश्यक है । कार्यक्रम के अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. भारत सिंह गोयल ने कहा कि भारतीय परंपरानुसार मोटे अनाज जैसे ज्वार बाजरा हमारे खान-पान का हिस्सा हुआ करते थे ,परंतु अब बर्गर पिज्जा की संस्कृति में इन्हें भुला दिया गया है। आपने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि एक दिन सभी अपने घरों से मोटे अनाज के व्यंजन बनाकर लाऐं और आपस में आदान-प्रदान करें।उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वैलनेस अभियान के नोडल अधिकारी प्रो. प्रमोद परिहार ने छात्राओं को अभियान के बारे में बताते हुए कहा कि सभी छात्रों का डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड बनाया जाएगा। किशोरी स्वास्थ्य हेतु एनीमिया को दूर करना इसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है, अतः छात्राएं गृह विज्ञान विभाग के पोषण शिक्षा कार्यक्रमों एवं उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वैलनेस अभियान से जुड़कर अपने स्वास्थ्य को और उन्नत बनाएं। कार्यक्रम का संचालन गृह विज्ञान की प्राध्यापक प्रो वर्षा गोले ने किया । आभार मारिया शाजापुरवाला ने माना।

### जिले में लोकसभा निर्वाचन के लिए मास्टर ट्रेनर्स को दिया प्रशिक्षण

# प्रशिक्षण में दी मतदान प्रक्रियाओं से संबंधित जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषव गुप्ता की उपस्थिति में जिले के समस्त विकासखण्डों के मास्टर ट्रेनर्स को जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण नोडल प्रशिक्षण डॉ. समीरा नईम, प्रशिक्षण सहायक नोडल अधिकारी डॉ. एस.पी.एस. राणा, डॉ. संजय बरोनिया, डॉ. संजय गाडगे, डॉ. ममता शाक्य, दीपक शुक्ला, डॉ. गजेन्द्र शर्मा द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में निर्वाचन के विभिन्न विषय मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया, ईवीएम एवं वीवीपेट की संपूर्ण जानकारी, पोस्टल बैलेट और निर्वाचन कर्तव्य् प्रमाण-पत्र, निर्वाचन के लिए सामग्री वितरण एवं वापसी, निर्वाचन से संबंधित सभी प्रकार के लिफाफों के संबंध जानकारी दी गई। प्रशिक्षण उपरांत सभी मास्टमर ट्रेनर्स का प्रश्न पत्र के माध्यम से सर्टिफिकेशन किया गया तथा सभी मास्टर ट्रेनर्स की निर्वाचन से संबंधित सभी प्रकार की शंका एवं समस्या का निराकरण भी किया गया। प्रशिक्षण में मतदान की प्रकिया में होने वाली गलतियों से अवगत कराते हुए स्पष्ट रूप से ईवीएम, पीठासीन की रिपोर्ट, पीठासीन की डायरी, निर्वाचन कर्तव्य, प्रमाण-पत्र, डाक मतपत्र द्वारा निर्वाचन कार्य से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उपलब्ध करवाने एवं सूक्ष्म रूप से उसकी प्रकिया का पालन करने के महत्वपूर्ण बिन्दू बताए गए। प्रशिक्षण में 85 वर्ष एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की प्रकिया को विशेष रूप से बताया गया, जिससे कोई मतदाता मतदान से वंचित न हो। इसी के साथ मशीनों को मतदान के पूर्व तैयार करने की प्रक्रिया को समझाया गया।

# प्राकृतिक खेती पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

विकास खंड बागली म. प्र. डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत जिला परियोजना अधिकारी देवास शीला शुक्ला द्वारा प्राकृतिक खेती हेतु कृषि सखियों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण सीटीसी बागली में मास्टर ट्रेनर लेखराम गुर्जर एसोसिएट प्रैक्टिशनर टी आर आई एवं पंकज ठाकुर डीएम कृषि अजीविका मिशन के मार्गदर्शन में हुआ, जिसमे कृषि सखियों को प्राकृतिक खेती विषय पर विभिन्न प्रेजेंटेशन के माध्यम विस्तृत जानकारी लेखराम गुर्जर द्वारा दी गई। साथ ही फील्ड दिवस में सखियों को जैविक इनपुट बीजामृत, जीवामृत, घन जीवामृत, निमास्त्र, ब्रह्मास्त्र, अग्निस्त्र, दशपर्णी एवं बाहुबली टॉनिक बनाने के बारे में लाइव सामग्री एवं चार्ट के माध्यम से बनाना सिखाया एवं उनका किस फसल पर कब कितना उपयोग करना चाहिए विस्तृत बताया गया। इस दौरान चैंपियन फार्मर देवेन्द्र सिंह तोमर एवं प्रशिक्षण में उपस्थित समस्त कृषि सखिया उपस्थित रही। साथ ही प्रशिक्षण व्यवस्था ब्लॉक आजीविका मिशन स्टॉफ दिनेश एवं देवेंद्र के द्वारा की गई।

**खबर संक्षेप**

## संत राम भूषण दास बनें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



आष्टा। महन्त दीपक दास त्यागी महाराज के कृपापात्र प्रसिद्ध संत, लेखक, युवाओ के प्रेरणा स्त्रोत संत राम भूषण दास त्यागी को विश्व हिंदू रक्षा संघ न्यास के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी राजीव नाथ महाराज द्वारा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। संत श्री द्वारा पद का दायित्व मिलने पर सभी का आभार व्यक्त किया गया। साथ में सनातन धर्म जात-पात, गरीब वंचित और सामाजिक मुद्दों पर कार्य करते हुए संगठन का विस्तार कर अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे। पूज्य संत को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने पर क्षेत्र में खुशी और सभी की ओर बधाइयां प्राप्त हो रही है।

## 10 दिन तक कृषि उपज मंडी, फल और सब्जी मंडी बंद रहेगी

आष्टा। 10 दिनो तक शहर की दोनों मंडिया बंद रहेगी। जानकारी अनुसार 23 मार्च से 1 अप्रैल तक कृषि उपज मंडी बंद रहेंगी। वही इन दिनों में ही फल और सब्जी मंडी भी बंद रहेगी। व्यापारी संघ अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह ने बताया कि होली एवं मार्च क्लोजिंग के चलते 10 दिनों तक प्याज -लहसुन मंडी 23 मार्च शनिवार से बंद रहेंगी।

## बाजार में सजने लगी रंग-गुलाल और पिचकारी की दुकानें

आष्टा। नगर सहित आसपास के गांव में रंगों के त्योहार होली को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। शहर से लेकर गांव देहात के बाजारों व चौक चौराहे पर रंग- गुलाल व पिचकारी की दुकानें सजने की तैयारी में है। साथ ही किराना दुकनदारों ने भी रंग, अबीर के अलग-अलग रेंज मगाकर उसकी बिक्री शुरू कर दी। वहीं, खरीदारी को लेकर लोगों की भीड़ उमड़ने लगी है। होली पर्व का लोगों में उत्साह बढ़ता ही जा रहा है, जिसको लेकर शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक होली के गीत बजने लगे हैं। वहीं, युवा होली गीत की मस्ती में अभी से झूमने लगे हैं। होली पर्व को लेकर युवाओं में खासा उत्साह नजर आ रहा है। तो वही महिलाओं ने भी पूजा-पाठ की तैयारियां शुरू कर दी है।

### जिम्मेदारों की लापरवाही से नहीं सुधर रहा कृषि उपज मंडी का बिगड़ा ढांचा

# मंडी के बजाय शहर से दूर बने गोदाम मील पर अनाज खाली कर रहे किसान

नियम विरुद्ध मंडी से बाहर दूर जाकर ऊपज की हों रही तुलाई।मंडी की बजाय 5 से 10 किलोमीटर दुर जाने से किसान पर पड़ रहा अतिरिक्त आर्थिक बोझ।



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मध्य प्रदेश की नंबर वन मंडियों में गिनी जाने वाली आष्टा कृषि उपज मंडी आव्यवस्थाओं से घिरी हुई है। कई बार किसान नेताओ ने तो कभी स्वंय किसानों ने समस्याओं को लेकर मंडी प्रबंधन को अवगत कराया, लेकिन कोई भी इन समस्याओं में सुधार नही चाहता। एक तरफ़ तो ए क्लास की मंडी में शासन को जहां करोड़ों रुपए शुल्क के रूप में कृषि उपज से आमदनी होती है, लेकिन किसानों को सुविधाओ के नाम पर कुछ नही मिलता। मंडी में लंबे समय से किसानों की ऊपज को मंडी में तो नीलाम किया जाता है। लेकिन चंद व्यापारी अपने फायदे के लिए इस नीलाम को ऊपज को मंडी से कई किलोमिटर दूर अपने गोदाम या मिलो पर ले जाकर तुलाइ कर खाली करवाते है और बड़ी मात्रा में मंडी के अंदर नीलामी में खरीदी गई ऊपज मंडी परिसर से दुर शहरी सीमा क्षेत्र से लगभग 5-7 किलोमीटर इनके गोदाम या मिलो पर तुलकर खाली होता है। ऐसे में नीलाम ऊपज को मंडी से कई किलोमीटर दुर लें जाने पर किसान पर ईंधन (भाड़े) का अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी पड़ रहा है।

भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष राकेश वर्मा ने मंडी सचिव प्रवीण चौधरी से चर्चा कर इस व्यवस्था को सुधारने की मांग करते हुए पूछा कि जब मंडी में ऊपज नीलाम होती है तो उसकी तुलाई भी मंडी में ही की जाय। वही यदी कोई व्यापारी खरीदी गई ऊपज को मंडी से कई किलोमीटर दुर अपने गोदाम या मिलो पर में तुलवाने ले जाते है तो किसानो को हों रहे अतिरिक्त आर्थिक खर्च को व्यापारियों से दिलवाया जाये या नीलाम ऊपज को शहर से बाहर ले जाने की बजाय मंडी के अंदर ही तुलाई कर खाली की जाय।

### नियम विरुद्ध है मंडी से बाहर उपज की तुलाई कर खाली करना

भोलेभाले किसान को बिना जानकारी के अभाव में ऊपज तो मंडी में नीलाम करवाई जाती है फिर अपनी सुविधा अनुसार नीलाम ऊपज को शहर से कई किलोमीटर दुर उपज की तुलाई कर खाली करवाया जाता है जिससे किसानो पर अर्थिक बोझ पड़ रहा है और मजेदार और खास बात यह है की मंडी बोर्ड के किसी भी अधिनियम में या मापदंड में नही है की मंडी में नीलाम ऊपज की बाहर तुलाई कर खाली किया जाय। और एक तरह से यह नियम विरुद्ध ही है या कहे नियमों को ताक पर रखकर नीलाम ऊपज को शहर से बाहर प्रायवेट गोदाम या मिलो पर तुलाईं और खाली कर किसानों के साथ ठगी की जा रही है वही इस मामले पर कृषि उपज मंडी की सचिव श्रीमती प्रवीण चौधरी ने भी सीधे तौर पर कहा कि यदि किसानों की नीलाम ऊपज को मंडी परिसर से बाहर लें जाकर तुलाई कर खाली करवाया जा रहा है तो यह नियम विरुद्ध है यह मंडी के नियम और मापदंड में भी नही है व्यापारीयों को किसानों की ऊपज को नीलाम कर मंडी के अंदर ही तुलाई कर खाली करवानी चाहिए।

### किसान के साथ कोई लूट या घटना घटित हो जाए तो कौन जिम्मेदार होगा?

किसान संघ के अध्यक्ष राकेश वर्मा ने बताया की किसानों की नीलाम उपज को शहर से कई किलोमीटर दूर तुलाई खाली करने जाना पड़ रहा है एक तरफ़ तो किसानों को आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ रहा है तो वही दूसरी ओर किसान के साथ इस बिच लूट या अन्य कोई घटना ,दुर्घटना हो जाती है तो इसकी जवाबदेही किसकी होगी? क्या मंडी के अंदर से नीलाम ऊपज को बाहर ले जाते समय कोई मंडी का कर्मचारी किसान के साथ रहता है? या शहर से बाहर किसान की ऊपज कम निकलती है या इसमें कोई गड़बड़ी होती है तो कोन सा मानक अधिकारी वह मोजुद रहता है। ऐसे हालत में किसान या व्यापारी में कोई विवाद होता है तो किसकी ज़िम्मेदारी होगी? लिहाजा इस विषय पर जब मंडी सचिव प्रवीण सिंह चौधरी जी से इन सवालों के जवाब मांगे गए तो वह कोई संतुष्टि पूर्ण जवाब नही दे पाई। और कहा की आष्टा मंडी में स्थान की कमी है। सीजन में रिकार्ड आवक होती है, मंडी के अंदर बाहर जाम लग जाता है। इसलिये मंडी को सुचारू रूप से संचालित करने की सोच है। क्योकि हमे मंडी के चारो पहियों का ही ध्यान में रखना पड़ता है। जो भी व्यवस्था है उसके पीछे हमारी सोच यही है कि किसान व्यापारियों को कोई परेशानी ना हो। वही इसको लेकर मंडी व्यापारी संघ के अध्यक्ष रूपेश राठौड़ से चर्चा की गई तो उन्होने कहा की मंडी परिसर छोटा है, इस कारण बड़े और अच्छे व्यापारी के बाहर वाले स्थान पर किसानों की नीलामी की उपज एक साथ तुलवाई जाती है।जगह की व्यवस्था होने के पश्चात एक दाना भी मंडी से बाहर नहीं जाएगा।

# करोड़ों खर्च होने के बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों में अधूरी पड़ी नल-जल योजना

**पेयजल के लिए परेशान हो रहे ग्रामीण**



हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

शासन द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना था। ताकि पानी के लिए कई किलोमीटर लोगों को ना जाना पड़े और आसानी से हर घर शुद्ध पेयजल मिल सके। ग्राम सिंगार चोरी में जल मिशन योजना के तहत 2 वर्ष पूर्व कार्य प्रारंभ हुआ था। 2 वर्ष बीत जाने के बाद भी योजना अधूरी पड़ी है। जिससे ग्रामीणों को 1 किलोमीटर दूर खेत पर बने कुआं, ट्यूबवेल से साइकिल मोटरसाइकिल से पानी लाना पड़ रहा है।

जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही सिंगार चोरी के सरपंच कुतुबुद्दीन खान ने बताया कि गांव में 2 वर्ष पूर्व नल-जल योजना का कार्य प्रारंभ हुआ था। लेकिन ठेकेदार की लापरवाही के कारण आज तक कार्य पूरा नहीं हुआ है। गांव में ना तो पाइपलाइन गाड़ी गई है। गांव के बाहर एक टंकी बनाई गई है जो सोपिस के रूप में खड़ी है। वहीं गांव की समस्या को देखते हुए अपने निजी ट्रैक्टर से टैंकर द्वारा गांव को लोगों को पानी उपलब्ध करवा रहा हु। अभी गर्मी की शुरुआत हुई है मार्च माह में यह हालत है, तो अप्रैल मई और जून माह में क्या हालात होंगे। हमने कई बार जन सुनवाई में जन प्रतिनिधि व अधिकारियों को इस बारे में अवगत करवाया। लेकिन आज तक किसी अधिकारी ने गांव की समस्या की तरफ ध्यान नहीं दिया। कुछ दिनों पूर्व कलेक्टर ने अधिकारियों को नल-जल योजना का अधूरा कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया था। इसके बाद भी कार्य अधूरा है। वहीं ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए टैंकर द्वारा गांव के लोगों को पानी उपलब्ध करवा रहे है। हमारी शासन से मांग है कि नल-जल योजना का कार्य जल्दी से जल्दी पूर्ण करवाया जाए जिससे ग्रामीणों को पानी मिल सके।

उक्त समस्या को लेकर पीएचई विभाग के एसडीओ एसआर अहिरवार ने बताया कि नल-जल योजना के पाइप आने में कुछ देरी हुई है जैसे पाइप आएंगे होली के बाद गांव में पाइप लाइन गाड़ने का काम चालू कर दिया जाएगा जल्दी से जल्दी ग्रामीणों को पानी उपलब्ध करवाया जाएगा।

### नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में डंपर चालकों की मनमानी, बना रहता है हादसे का डर

जावर। नर्मदा नदी में से रेत भरकर लाने वाले डंपर आष्टा से जावर में सुबह से ही ऑवर लोड भरकर निकलते हैं इससे दुर्घटनाओं की आंशका बनी रहती है। दरअसल पिछले कुछ वर्षों से रेत का कुछ ज्यादा ही कारोबार क्षेत्र में चल रहा है रोजाना 10 से 15 डंपर रेत के भरे हुए जावर क्षेत्र आते हैं यह रेत नर्मदा नदी से आती है रेत से भरे हुए डंपर जावर जोड़ से लेकर जावर तक आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में सप्लाई होते हैं और डंपर इतने भरकर लाते हैं कि वह कही पेड़ों से टकराते हुए निकलते हैं की इसके दुर्घटना होने का भय बना रहता है।




# दूसरे दिन भी खरीदी केंद्रों पर शुरू नहीं हुई खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शासन के निर्देश अनुसार 20 मार्च से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी प्रारंभ होना थी, लेकिन दूसरे दिन भी सर्वेयरों के खरीदी केंद्रों पर नहीं पहुंचने से खरीदी प्रारंभ नहीं हो पाई। क्षेत्र के 27 खरीदी केंद्रों पर किसानों की ट्रेक्टर-ट्रालियों की लंबी कतारें लग गई है। कुछ खरीदी केंद्रों पर किसानों का गेंहू तुलवा कर बाहर रखा दिया है। तुलवाया गया गेहूं गोदाम में नहीं रखा है। अर्थात तोला गया गेहूं भी रिकॉर्ड की खरीदी में नहीं है, क्योंकि बिना सर्वेयर के गेंहू वेयरहाउस के गोदाम में नहीं रखाएगा। दूसरी तरफ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार ने आरोप लगाया है कि एक तरफ प्रदेश सरकार किसान हितेषी होने का दावा करती है वहीं दूसरी तरफ उन्हीं के शासनकाल में 2 दिनों से किसान क्षेत्र में परेशान हो रहा है। उनकी उपज समर्थन मूल्य पर विक्रय नहीं हो पा रही है। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने भी इस संबंध में संबंधित अधिकारी व प्रशासन के अधिकारियों से चर्चा की। जानकारी अनुसार आष्टा क्षेत्र में 27 खरीदी केंद्रों पर समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन किया जाएगा। विधायक के निर्देश पर एसडीएम स्वाति उपाध्याय मिश्रा ने जब अधिकारियों से संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि सर्वेयर सभी केंद्रों पर पहुंच चुके हैं। जब दुपाडिया खरीदी केंद्र पर पहुंची तो वहां सर्वेयर नहीं था। उन्होंने हमारे प्रतिनिधि से चर्चा करते हुए बताया कि किसानों को परेशानी नहीं होने देंगे। इसीलिए में मौके पर भी पहुंचकर व्यवस्था कराने में जुटी हूं। दो दिनों से किसान अपनी उपज समर्थन मूल्य पर तुलवाने के लिए बेहद परेशान हो रहा है। कैलाश परमार ने चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र ही किसानों की उपज समय रहते नहीं तुलवाई गई तो कांग्रेस आंदोलन करने में पीछे नहीं रहेगी।

# वाहन चालकों को दी जा रही नियमों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



देवास भोपाल फोर लेन, सीएसआर प्रशासन मध्यप्रदेश सड़क विकाश निगम के डीएम सोनल सिन्हा, एजीएम संजीव कुमार जैन व डीबीसीपीएल परियोजना संचालक अजय मिश्रा के मार्गदर्शन मे यातायात प्रभारी बीएस धाकड़ के साथ मिल कर भारतीय सुरक्षा सप्ताह के तहत निरंतर सुरक्षित यात्रा के लिए देवास भोपाल फोर लेन सड़क से गुजरने पर बरती जाने वाली सावधानियों व यातायात नियमों का पालन करने के फायदों से अवगत कराया गया। डीबीसीपीएल प्रशासन सुरक्षित यात्रा व सड़क दुर्घटना पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सड़क की अधिकतम गति सीमा को ध्यान में रख कर वाहन परिचालन करने व नियम पालन करने का निवेदन किया जा रहा है। साथ ही सड़क सुरक्षा सप्ताह में वाहन चालकों से नियम पालन प्रतिबद्धता का सपथ ले रही है। देवास भोपाल फोर लेन सड़क प्रशासन फोर लेन पर जगह जगह सड़क सुरक्षा शिक्षा नुक्कड़ सभा, नियम पालन करने वाले लोगों का सम्मान एवं सुरक्षा से सफर करने की अपील कर रही है। देवास भोपाल फोर लेन सी एस आर प्रशासन ने बताया कि देवास भोपाल फोर लेन प्रशासन पुलिस प्रशासन के साथ मिल कर ग्रामीण वाहन चालकों को सुरक्षा के लिए हाइवे पर जानें पूर्व सावधानियों से अवगत कराने के साथ दुर्घटना संभावित बिन्दु से अवगत करा रही है। अनाधिकृत रास्ते कट करना, सड़क पर पड़ने वाले दुर्घटना संभावित अनाधिकृत अतिक्रमण हटाने के साथ सड़क किनारे के पेड़ो पर रात्रि सुरक्षा के लिए रेडियम प्लेट, कर्व, पुलिया पेंटिंग के साथ अधिकतम गति सीमा बोर्ड लगाने के साथ कई सराहनीय कार्य कर रही है। देवास भोपाल फोर लेन प्रशासन भारतीय सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत कई प्रकार से वाहन चालकों के मध्य सड़क सुरक्षा एवं जीवन महत्व को समझा रही है। डीबीसीपीएल सीएसआर प्रशासन का उद्देश्य समाज की दुर्घटना से रक्षा व सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना है। ताकी वाहन चालक व आम जन नियम न पालन करने के दुष्परिणाम से अवगत हो साथ ही रात्रि मे दुर्घटना से सुरक्षा के लिए वाहनों के पीछे रेडियम स्टीकर चिपकाना, नियम पर्चे वितरीत कर रहे है। इस मौके पर सबइंस्पेक्टर शशिकांत शर्मा, कॉन्स्टेबल थाना मंडी शिव कुमार पराशर, 100 डायल बिजेंद्र सिंह, सड़क रख रखाव अधिकारी पियूष सिंह, नीतिन गोयल, नन्द किशोर वर्मा, अमित पटेल, प्रदीप बातव सुनील सारसिया एवं कई उपस्थित थे।

### पूजा-पाठ के साथ उपार्जन की तैयारी हुई पूरी



श्यामपुर। श्यामपुर में स्थित निलेश वेयरहाउस पर पूजा पाठ कर उपार्जन केंद्र की शुरूआत की गई। इसी के साथ ही किसानों का साफा बांधकर व पुष्पमाला पहनाकर किसानों का सम्मान किया गया। इस दौरान हेम सिंह, गबरू दागी, देवनारायण पाटीदार, अनिल, गोविंद, अशोक पाटीदार, शरद पाटीदार उपस्थित रहे। श्यामपुर में सभी वेयरहाउस पर सोटी सेवा सहकारी समिति के केंद्र क्रमांक 56229407 पर पूरी तैयारी कर ली गई है। अभी स्लाइड बुक नहीं होने के कारण किसान अपनी उपज नहीं लेकर आए।

# शांति समिति की बैठक में त्यौहारों को लेकर की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के लोकसभा चुनाव के चलते संपूर्ण प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। साथ ही होली, रंग पंचमी, गुड फ्राइडे, रमजान, ईद और अन्य त्यौहार शांति पूर्वक मनाए जाने के संबंध में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, प्रतिष्ठित व्यवसाई व विभिन्न समुदायों के लोगों को आमंत्रित कर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। तहसील परिसर श्यामपुर में आयोजित शांति समिति की बैठक में तहसीलदार श्याम नंदन चंदेले, थाना प्रभारी संध्या मिश्रा, नायब तहसीलदार धनजी मालवीय, उप निरीक्षक रामबाबू राठौर द्वारा होने वाले आगामी लोकसभा निर्वाचन व आगामी त्यौहार शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने हेतु लोगों से अपील की। साथ ही आदर्श आचार संहिता पालन का करने के लिए लोगों को समझाइए देते हुए अपने शस्त्र थाना श्यामपुर में जमा करने के लिए बताया गया। साथ ही बताया कि सोशल मीडिया पर शेयर किए जाने वाले मैसेज को फॉरवर्ड करने के पहले यह सुनिश्चित कर ले की वह मैसेज किसी समुदाय के भावनाओं को आहत करने वाला मैसेज तो नहीं है। जिससे क्षेत्र की शांति व्यवस्था भंग नहो। नागरिकों द्वारा सुझाव दिए गए कि इसके संबंध में विस्तृत चर्चा कर शांतिपूर्ण रूप से त्योहार संपन्न होंगे। इस संबंध में लोगों द्वारा आश्वासन पुलिस को दिया गया। इस अवसर पर तहसीलदार श्याम नंदन चंदेले, थाना प्रभारी संध्या मिश्रा, नायब तहसीलदार धनजी मालवीय, उप निरीक्षक रामबाबू राठौर, ग्राम पंचायत श्यामपुर सरपंच नवीन चौहान, जिला पंचायत सदस्य अनस खान, जनपद सदस्य विनोद परिहार, जनपद सदस्य परमानंद मीणा, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष सत्यनारायण भाटी, गोविंद पाटीदार विधायक प्रतिनिधि, रामेश्वर दयाल महेश्वरी, लइक कुरैशी, जाकिर हसन, अनु खान, इलियास खान, ब्लॉक अध्यक्ष राम नारायण शर्मा, नरेंद्र साहू, पत्रकार राजकुमार मेवाड़ा, पत्रकार रवि पुष्पद, पत्रकार लक्ष्मण सिंह पटेल, भारत सिंह, अनिल घरडे पटवारी आदि उपस्थित थे।

### मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज और मुनि सागर महाराज ने दिए आशीष वचन

# समय के दुष्प्रभाव से निरोगी नहीं रोगी होते जा रहे: मुनि सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




श्रावकगण भगवान ,देव ,शास्त्र एवं गुरु में अटूट आस्था रखकर धर्म आराधना करेंगे तो पुण्य अर्जन होगा।हम समय के दुष्प्रभाव से निरोगी नहीं रोगी होते जा रहे हैं। अंग्रेजों ने फूट डालकर भारत में शासन किया,बाद में देश को महापुरुषों एवं देश भक्तों ने देश को आजाद कराया। परिवार को देखते हुए धर्म आराधना करें। जैन धर्म खुली किताब के समान है। समाज व परिवार में एकजुटता रहना चाहिए। सभी को धर्म -कर्म से जोड़ों।

ज्यादा खाने वाले मर रहे हैं,कम खाओं और दूसरे को भूखा नहीं रहने देवें। उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजित पूज्य गुरुदेव मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज एवं मुनि सागर महाराज ने नंदीश्वर द्वीप महामण्डल विधान के अवसर पर आशीष वचन देते हुए कहीं। मुनिश्री ने सभी को जोड़ने का आव्हान किया। मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज ने कहा पूजा आप लोगों के लिए है। नंदीश्वर द्वीप में 52 मंदिर है। श्रावक भगवान,देव शास्त्र और गुरु में अटूट श्रद्धा रखते हुए उनके जैसे बनने की चाहत रखते हैं। गृहस्थ वह है जो घर गृहस्थी का काम करते हैं। गर्मी की अष्टान्हिका है इसमें क्षमा रुपी अग्नि जलाकर माफी करना,मन में जो कषाय है उसे जलाना है। भगवान जैसे बनने का प्रयास करें।भोग की वस्तु को त्यागकर पुण्य अर्जन करें।संयम आएगा, कर्म नाश होगा। ऐसे भाव रखें,लोग रुढ़िवादिता को छोड़े। पूजा के समय नमः बोलें,स्वाह नहीं। बुराई ग्रहण नहीं करें, अच्छाई ग्रहण करें।इस अवसर पर पूज्य मुनि श्री मुनि सागर महाराज ने अपने प्रवचन में बताया कि आज आपकी नन्दीश्वर द्वीप भक्ति पूजन का आधा भाग पूर्ण हुआ है। धीरे-धीरे यह पूर्णता को प्राप्त होगा। यह पर्व हमें समय-समय पर जगाने आते है। पर्व समाप्ति के बाद सोना नही सजग रहना ओर जीवन को जीने का ढंग बदलना तभी पर्व को मनाने की सार्थकता होगी । मुनि सागर महाराज ने आगे कहा यह संसार है, यह असार है। अभी यहां है, कल कही ओर रहना होगा ।यह पंच प्रावर्तन अनादिकाल से चलता आ रहा है ।भोगो में रहने के कारण धर्म करने में मन नही लगता है। अपनी जीवन रूपी पतंग को संभाल कर उड़ाना, कही कट न जाये। अपनी सयंम रूपी डोर प्रेम ओर प्यार की डोर से इसे बांधे रखना।

संभाल कर रखना कहीं यह जीवन निंद्रा गति में न चले जाये।संयुक्त परिवार में मिलकर रहने से एक दूसरे सभी मिलकर धर्म ध्यान में मन लगा सकते है।समय के दुष्प्रभाव से हम निरोगी नही रोगी होते जा रहे है ।जब तक मन है तब तक पूजन है ।जैसे इस शरीर को रखने के लिए शुद्ध भोजन की जरूरत है, उसी प्रकार इस मन को शुद्ध रखने के लिए जिनेंद्र भगवान की पूजन की जरूरत है।हम लोग मात्र छोटा बड़ा कम ज्यादा में उलझे हुए है ,संगठित नही हो पा रहे है ।समाज मे एक नही हो पा रहे है । रामायण पड़ने के बाद भी हममें परिवर्तन नही हो पा रहा है ।आप लोगो के भाग्य है, दो भाई मिलकर रहते हो आज के समय मे सबसे बड़ा आश्चर्य है ।धर्म अपने लिए होता है ओर अपने को ही करना होता है ,अपने कल्याण हेतु होता है।

## खिलचीपुर नाके स्थित एटीएम बूथ का मामला, नहीं था सिक्यूरिटी गार्ड

# सीसीटीवी डेमेज कर एसबीआई एटीएम से लूट का असफल प्रयास, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्यालय के खिलचीपुर नाका स्थित भारतीय स्टेट बैंक(एसबीआई) के एक एटीएम बूथ को काटकर लूट के असफल प्रयास की सनसनीखेज घटना हुई है। बदमाशों ने एटीएम बूथ के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरों को भी जला दिया वहीं मशीन को काटने की भी कोशिश की गई। गुरुवार दोपहर घटना की जानकारी लग गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की वहीं एसबीआई के अधिकारियों को भी घटना से अवगत कराया गया। एटीएम मषीन के अंदर रखी पूरी राषि सुरक्षित बताई जा रही है। हालांकि, इस घटना ने न केवल पुलिस की नाईट पेट्रोलिंग पर सवालिया निषान खड़े कर दिए हैं वहीं बूथ में कोई सिक्यूरिटी गार्ड न होने को लेकर बैंक प्रबंधन की भी चूक उजागर हो रही है।





## सुबह कस्टमर पहुंचे तब मालूम हुई घटना

### एसबीआई के एटीएम बूथों में नजर नहीं आते गार्ड

राजगढ़ नगर में एसबीआई के करीब आधा दर्जन एटीएम सेंटर हैं। मेन बस स्टेंड, जेल रोड, दरगाह गेट के सामने, कलेक्टोरेट परिसर, खिलचीपुर नाका इनमें से कहीं भी कोई सिक्यूरिटी गार्ड कभी देखा नहीं गया है। बैंक प्रबंधन भी गार्डों की व्यवस्था को लेकर कभी गंभीर नजर नहीं आता। वो तो संयोग से बदमाश बूट को काटने में सफल नहीं हो पाए। इस बारे में एसबीआई की राजमहल स्थित ब्रांच से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन बात नहीं हो पाई।

**मुझे आपसे ही जानकारी मिली है। मैं एसबीआई ब्रांच के अधिकारियों से पूरी जानकारी लेकर ही कुछ बता पाऊंगा।**

एन.के. पाटीदार, लीड बैंक मेनेजर, राजगढ़

### जहां रहता है कैश, वो हिस्सा किया क्षतिग्रस्त

जानकारी के अनुसार खिलचीपुर नाके पर बापू आलूबड़े रेस्टोरेंट के नजदीक एसबीआई का एक एटीएम हैं। बुधवार रात्रि अज्ञात बदमाषों द्वारा लूट के मकसद से एटीएम में दाखिल हुए। उन्होंने बूथ के अंदर लगे दोनों सीसीटीवी कैमरों को जला दिया। इसके बाद किसी उपकरण या हथियार से मषीन को भी काटने की कोशिश की जिसमें मशीन का निचला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गुरूवार सुबह जब कस्टमर व आसपास के लोगों ने बूथ की शटर आधी लगी हुई और क्षतिग्रस्त हालत में देखी तब उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। इसी दौरान एजेंसी के कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे।

### पुलिस को बूथ से मिला एक लाइटर

एटीएम बूथ के सीसीटीवी सहित मशीन के हिस्से को भी जलाया गया है। बूथ के अंदर ही पुलिस को एक लाईटर भी पड़ा हुआ मिला। संभवतः बदमाश ही उसे फेंककर गए होंगे। लाईटर को पुलिस ने जब्ती में लिया है।

## राजेश्वर कान्वेंट स्कूल के सामने के निर्माण का मामला

# ठेकेदार ने अधर में छोड़ा सड़क निर्माण व रिटेनिंग वाल कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्यमंत्री अधोसंरचना के तहत नगर पालिका द्वारा विभिन्न वार्डों में कई विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। इसी फेहरिष्त में स्थानीय राजेष्वर कान्वेंट स्कूल के सामने रिटेनिंग वॉल सहित यहां से गुजरी मुख्य सड़क को डामरीकृत करवाने एक एजेंसी को काम सौंप रखा है। संबंधित निर्माण एजेंसी ने आधी-अधूरी वॉल बनाकर एवं रोड निर्माण के लिए अर्थवर्क करके करीब सवा महीने से काम को छोड़ दिया है। पूर्व में किए गए थोड़े-बहुत निर्माण की गिट्टी, रेत के सड़क पर आने से हादसों की संभावना बनी हुई है। रिटेनिंग वॉल का जो हिस्सा अब तक बनाया गया है उस पर उस समय ठीक तरह से क्यूरिंग(तराई) भी संबंधित एजेंसी द्वारा नहीं करवाई गई। ऐसे में अब तक जो वॉल बनी है उसकी गुणवत्ता भी तय मानकों के अनुरूप नहीं है।

### टेंडर निरस्त करेंगे

नगर पालिका तीन बार संबंधित एजेंसी को नोटिस दे चुकी है। संबंधित ठेकेदार ने तय समय में कार्य पूरा नहीं किया तो टेंडर निरस्त कर दिया जाएगा। **विनोद साहू, अध्यक्ष, नगर पालिका, राजगढ़**

### तोड़े गए चबूतरों को फिर बनवाने की भी मांग

नगर पालिका द्वारा ही मेन मार्केट की मुख्य सड़क को भी चैड़ीकृत करवाते हुए डामरीकरण करवाया गया है। जय स्तंभ, सोल्डर क्लब के नजदीक निर्माण की जद में आने वाले पीपल के पेड़ के चारो ओर के एक चबूतरे को भी नपा ने उस समय तुड़वाया था। चूबतरा फिर से नहीं बनवाने के कारण होली दषा, वट सावित्री सहित अन्य धार्मिक त्योहारों पर पीपल के पेड़ के यहां पूजन-अर्चन करने आने वाली महिलाओं को भी खासी परेशानी हो रही है।

## कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलने आज पहुंचेंगे पूर्व मुख्यमंत्री सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

आगामी लोकसभा चुनावों की रणनीति को फायनल करने के उद्देश्य से पूर्व मुख्यमंत्री मप्र दिग्विजय सिंह 23 मार्च को दोपहर 11 बजे, वल्लभा गार्डन में पहुंचेंगे। जहां पर राजगढ़ लोकसभा के कई विधानसभाओं जिनमें ब्यावरा, नरसिंहगढ़, चाचौड़ा, ओर राघौगढ़, के पार्टी कार्यकर्ताओं से चर्चा कर चुनाव संबंधी रणनीति तय करेंगे। सूत्रों की माने तो ऐसा भी संभव है की इस बार भाजपा को कडी चनौती के रूप में राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह का सामना करना पड़ सकता है। कांग्रेस के अधिकतर कार्यकर्ताओं का माना है कि राजा साहब यदि सामने आए तो समीकरण बदल जाएंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र यादव ने चारो विधान सभा के कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में आएं।

## आंदोलन की राह पकड़ने पर मजबूर

# गंदे पानी की निकासी से परेशान रहवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

नगर के वार्ड न. 07 में बैंक ऑफ इण्डिया के सामने डॉ देशवाली गली न. 03 में नगर के कृषि उपज मण्डी से लेकर बस स्टेण्ड तक आधे से अधिक नगर का गंदा पानी नालियों के द्वारा आता है। जिसकी आगे कोई भी निकासी नहीं है। यह गंदा पानी यहाँ पर भरा रहता है। जिसमें यहाँ रहने वाले नागरिक बहुत परेशान है। इस गंदे पानी से जलस्त्रोत पूरी तरह से दूषित हो चुके हैं।

▶ गंदे पानी से जलस्रोत पूरी तरह से दूषित हो चुका है, लोग हो रहे हैं परेशान

मच्छर व कीड़े मकोड़े भी पनप रहे हैं। गत वर्ष मई 2023 से हम मोहल्लेवासियों ने नगर परिषद अध्यक्ष तात्कालिक सीएमओ व परिषद के पदाधिकारियों को अवगत करा रहे हैं। तब से बार-बार चर्चा की व अवलोकन भी कितनी ही बार करवा दिया है। लेकिन कोई हल नहीं निकला। शासन द्वारा विकास यात्रा निकाली गई जिसमें भी विधायक के माध्यम से सी.एम.ओ. साहब को दो बार आवेदन दिया गया। लेकिन समस्या यथावत है। स्थानीय वार्डवासी सुनील सक्सेना शैलेंद्र सक्सेना राजेंद्र सिंह, अनोखी लाल, मनीष सोनी, ओम बैरागी, सुनिल विश्वकर्मा, सोनू विश्वकर्मा , संजय सिंह, दीपक शर्मा आदि का कहना है कि जिसे स्थान पर हम लोग रहते है। वहाँ ऐसी स्थिति है कि जानवर भी नही रह सकते है। लेकिन हम लोग रहने को मजबूर है। पूरे समय गंदे पानी की बदबू आती रहती है। जिससे रहना, खाना, सोना भी दूभर हो गया है, आखिर कब तक हम सहन करें, संयम की भी एक सीमा होती है। अब हमारा संयम टूट चुका है। ऐसी स्थिति में हम लोग स्थानीय प्रशासन के खिलाफ आन्दोलन की रहा अपनाना पडेगा। यदि हमारी समस्या का समाधान नही होता है तो हम नाले को बंद कर देंगें। जिसका उत्तरदायित्व स्थानीय निकाय होगा।

## डीजे रहेगा प्रतिबंधित, शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं त्योहार

# त्योहारों को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

होली पर्व को लेकर बुधवार की शाम थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। एसडीएम अंकिता जैन की अध्यक्षता और एसडीपीओ आनंद राय के संचालन में आयोजित बैठक में दोनों समुदाय के लोग शामिल हुए। बैठक में होली का त्योहार शांतिपूर्ण व आपसी सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक ने मौजूद सदस्यों ने प्रशासन से त्योहार के मौके पर पानी व बिजली की निर्बाध आपूर्ति कराने की मांग की साथ ही शराब पर रोकथाम के लिए विशेष कार्यवाही करने का अनुरोध किया गया, होली के मौके पर शराब विवाद व हंगामा का बड़ा कारण बनता है, इस पर प्रशासन विशेष ध्यान दें। इसके अलावा दतिया केदार महतो ने हाई स्पीड बाइकर्स पर लगाम लगाने की भी मांग की। टी आई यदुवीर सिंह धाकड़ ने बैठक के माध्यम से वैसे अभिभावकों जिन्होंने अपने बच्चों को स्पीड बाइक थमा दी है,उससे अपने बच्चों पर ध्यान देने की अपील की है।

साथ ही यह भी कहा कि कार्रवाई होने की स्थिति में किसी की नहीं सुनी जाएगी। इसके अलावा बैठक में प्रशासन की ओर से त्योहार के मौके पर शहर के विभिन्न चैक चैराहों पर पानी का टैंकर लगाने की भी बात कही गयी। बैठक में तहसीलदार सोनू गुप्ता सुपरवाइजर लखन लाल मेहरा, नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि विजय शर्मा नगर परिषद दरोगा मोहन विश्वकर्मा, प्रदीप गुप्ता, सुरेश गुप्ता, सुरेंद्र मेवाड़े, आदि उपस्थित थे।

## होली सहित अन्य त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक आहूत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

आगामी दिनों में होली, रंगपंचमी, चैत्र नवरात्र, ईद-उल फितर सहित अन्य बहुत से ज्यौहार आने वाले हैं। आमजन सभी त्यौहारों को परस्पर भाईचारे, सौहाद्र एवं उत्साह के साथ मनाए, इस हेतु गुरुवार अपरान्ह कलेक्टर हर्ष दीक्षित की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा, अपर कलेक्टर षिवप्रसाद मंडराह सहित शांति समिति के सदस्य एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान त्यौहारा पर सुचारू विद्युत आपूर्ति, पेयजल आपूर्ति, साफ-सफाई के माकूल इंतेजामात करवाने के लिए निकायों के अधिकारियों को पाबंद किया गया। बैठक में अपील की गई कि होली, रंग-पंचमी पर नषे में वाहन न चलाएं। साथ ही किसी की इच्छा के खिलाफ उसे रंग भी जबर्दस्ती न लगाया जाए। बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने आवष्यक सुझाव भी अधिकारियों को दिए।

## नवज्योति नेत्रदान समिति ने जनहित में की अपील

# होली खेलें पर रासायनिक रंगों से बचें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-जीरापुर




रंगो के त्यौहार होली के आगमन से पूर्व नवज्योति नेत्रदान समिति द्वारा आयोजित मासिक गोष्ठी में समिति की अध्यक्ष पूजा गुप्ता ने होली कि शुभकामनाये देते हुए कहा कि होली रंगो व खुशियों का त्यौहार है। रंगो का इस त्यौहार में बढ़ते रासायनिक रंग कही हमारी खुशियों में बाधा न डाल दे, इसका सभी को ध्यान रखना चाहिए। रासायनिक रंग नेत्रज्योति के दुश्मन है। होली खेलते वक्त इसकी सावधानी बहोत जरूरी है।

वैसे भी हमारे दैनिक जीवन में हम बड़ी मात्रा में रासायनिक पदार्थों के संपर्क में आते हैं जो उन उत्पादों में पाए जाते हैं जिनका हम दैनिक उपयोग करते हैं, जैसे सफाई की आपूर्ति या व्यक्तिगत स्वच्छता। इन पदार्थों का अत्यधिक सावधानी से इस्तेमाल किया जाना चाहिए क्योंकि दुरुपयोग या लापरवाही से आंखों में जलन या दर्द, आंखों में सूजन, धुंधली दृष्टि या आंखों में गंभीर चोट लग सकती है।

पूजा ने कहा कि किसी भी स्थिति में जहां रासायनिक पदार्थों के संपर्क के कारण आंख में चोट लगती है, तब सबसे पहले साफ पानी से धोना या फिजियोलॉजिकल सेलाइन घोल से कम से कम 20 मिनट तक आंखों को धोना चाहिए। प्राथमिक उपचार करते समय, रसायन को कंजंक्टिवा या कॉर्निया को प्रभावित करने से रोकने के लिए पलकें खुली रखने का प्रयास करना महत्वपूर्ण है। यह आवश्यक है कि प्रभावित व्यक्ति जल्द से जल्द नेत्र रोग विशेषज्ञ से इलाज कराए। नेत्रदान की अपील करते हुए रवि भावसार ने कहा कि आंखे शरीर का महत्वपूर्ण अंग है इसकी सुरक्षा बचाव में ही संनीहित है।

## संकल्प अभियान को लेकर गादिया मंडल की बैठक संपन्न



**लखनवास।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निर्देश अनुसार बुथ विजय संकल्प अभियान के थे तहत ब्यावरा विधानसभा ग्रामीण मंडल की बैठक गोस्वामी रेस्टोरेंट लखनवास में रखी गई।बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष जसवंत गुर्जर एवं भाजपा जिला महामंत्री अमित शर्मा ने कहा कि भाजपा नेतृत्व की मंशा के अनुरूप हमें हर बुथ पर विधानसभा में मिले 370 वोटो की वृद्धि का संकल्प पूरा करना है।बेठक में मौजूद मंडल अध्यक्ष मोहनलाल कुशवाह, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुरेश गिरी, महामंत्री ओम प्रकाश मीणा, लखन यादव, लखन सोंधिया, रवि शिवहरे, रघुवीर सरपंच, रघुवीर मीणा, पदम गिरी, पवन पाराशर, बबलू तिवारी, आदि मौजूद थे।

## कर्मचारियों व नागरिकों को मतदान के लिए किया जागरूक

# नप खुजनेर से दिलाई अनिवार्य मतदान की करने शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

लोकसभा निर्वाचन को देखते हुए नगर परिषद खुजनेर में सभी को मतदान की शपथ दिलाई गई। मुख्य नगर पालिका आधिकारी उमेश शर्मा द्वारा समस्त कर्मचारिओ तथा उपस्थित नागरिकों को निष्पक्ष, जाति धर्म, बिना लोभ आदि के लोकसभा निर्वाचन में अनिवार्य मतदान करने की शपथ दिलाई गई। मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत प्रतीदिन विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मतदताओ को मतदान के लिए जागरूक किया जाएगा। इसी कड़ी में आगनवाड़ी केंद्रों पर महिलाओं को मतदान की मेहंदी लगाकर जागरूक किया गया, जिससे महिलाओं का मतदान भी शत प्रतिशत हो सके।



## भैंसवा माता समिति ने की तैयारियां, मंदिर निर्माण लगभग 30 करोड़ रुपए की लागत से होने वाला है

# चेत्र नवरात्र में होगा भव्य 108 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

जैसा कि सभी जानते ही की मालवांचल की प्रसिद्ध शक्ति पीठ माँ बिजासन धाम भैंसवा कलाली माताजी का भव्य दिव्य अलौकिक मंदिर निर्माण लगभग 30 करोड़ रुपए की लागत से होने वाला है और यह मंदिर दान की राशि से ही बनेगा इसका संकल्प माँ बिजासन परिवार द्वारा लिया गया है। संकल्प से सिद्धि की इस यात्रा का माध्यम 108 कुंडीय शतचंडी महायज्ञ को बनाया गया है।

हर वर्ष की तरह तीसरे वर्ष की तैयारिया माँ बिजासन परिवार द्वारा प्रारंभ कर दी गई है लगातार 5 वर्षों तक भव्य दिव्य 108 कुंडीय शतचंडी महायज्ञ करने का लक्ष्य है! सभी देवी देवताओं का आवाहन होगा और भव्य मंदिर का निर्माण होगा जो आस्था भक्ति का प्रमुख केंद्र मालवा अंचल के लिए युग युगांतर तक भावी पीढ़ी के लिए प्रमुख धार्मिक केंद्र रहेगा। इस केंद्र से शिक्षा, योग, वैदिक ज्ञान, धर्म, सनातन, संस्कृति, चिकित्सा पद्धति, पर्यावरण के प्रति सकारात्मक,सर्वे भवंतु सुखिनः भाव का संदेश प्रसारित होगा। इसी क्रम में यज्ञशाला का कार्य चालू कर दिया गया है, यज्ञशाला के शिखर का कार्य कुशल कारीगरों द्वारा 2 से 3 दिनो में लगभग उसे पूर्ण रूप देकर 55 फीट की ऊँचाई पर ध्वज को स्थापित किया जाएगा। यज्ञ शाला की लंबाई ओर चोड़ाई 156×156 फीट, जिसमे 12×12 फीट (144 फीट) में 1 कुंड रहेगा, इसी प्रकार लगभग सभी मिला कर 108 कुंड का क्षेत्र 24,336 फीट में पूर्ण किया जाएगा।



### 55 फिट ऊंची होगी यज्ञ शाला की ऊंचाई

55 फिट की ऊँचाई कुल 7 मंजिल में पूर्ण होगी, जो कि बिहार के दरभंगा जिले के 20 साल से अधिक अनुभवी कारीगर, एवं उनके पूर्वजों के अनुभव के आधार पर 14 कुशल कारीगरों द्वारा 20 दिन में पूर्ण हो जायेगी, इसके उपरांत यज्ञशाला की साज सज्जा होगी ,जो बहुत ही जल्द 5 से 7 दिन में पूर्ण करने का लक्ष्य समिति ने रखा है! यज्ञ शाला के निर्माण बांस लिप्टिस ओर नारियल की रस्सी का उपयोग किया गया है।यज्ञ शाला में छांव के लिए चटाई का उपयोग भी हुआ है, जो असम के कुशल कारीगरों द्वारा बनवाकर, असम से मंगवाई गई है।यज्ञ वैदि पर आहुति देने के लिए जजमान जोड़ो से समिति लगातार सम्पर्क कर रही है समिति की अलग अलग टीम गांव गांव में जा जा कर भक्तो से महायज्ञ और कथा में शामिल होने का आग्रह कर रही है।

## एक व्यक्ति पर नामजद दर्ज हुई एफआईआर

# पार्वती से पानी के अवैध दोहन पर 4 मोटरपंप जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजस्व एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने सुठालिया क्षेत्र के ग्राम पारसाना में पार्वती में मोटर पंप लगाकर पानी के अवैध दोहन पर कार्रवाई की है। ब्यावरा एसडीएम गीतांजली शर्मा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान अज्ञात व्यक्तियों द्वारा खेत में सिंचाई के लिए तीन बड़े-बड़े मोटर पंपों से पानी निकालना पाया गया। चूंकि, ग्रीष्मकाल में जल स्त्रोतों से पेयजल की सुनिष्चितता हेतु तीनों मोटर पंपों को जब्ती में लेने की कार्रवाई अधिकारियों ने की है।

▶ सिंचाई के लिए तीन बड़े-बड़े मोटर पंपों से पानी निकाल रहे थे पानी

### एक पर नामजद प्रकरण दर्ज

एसडीएम शर्मा ने बताया कि पारसाना ग्राम के ही ओमप्रकाष पिता मिश्रीलाल द्वारा आदेष न मानकर पंप से पानी खींचकर नदी का जल स्तर नीचे किया गया। ऐसे में ओमप्रकाष पर पेयजल परीक्षण अधिनियम के तहत नामजद मुकदजा दर्ज किया गया है।